# युवक ने महिला को अगवा कर बंधक बनाया, चाकू से डराकर किया रेप, परिचितों ने भी बनाया शिकार

## खींचे अश्लील फोटो

**भीलवाड़ा (प्रातः काल संवाददाता)।** एक महिला से गैंगरेप का मामला सामने आया है। महिला को आरोपित ने काम दिलाने के बहाने ले जाकर एक मकान में तीन माह बंधक बनाकर रखा और चाकू दिखाकर रेप करता रहा। इतना ही नहीं आरोपित ने अपने परिचितों को बुलाकर उनसे भी महिला के साथ रेप करवाया। गंगापुर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपों की जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, एक 35 वर्षीय महिला ने मदनलाल के खिलाफ रिपोर्ट दी। महिला ने रिपोर्ट में आरोप लगाया कि मदन लाल तीन माह पहले उसके घर आया। मदन उसे काम दिलाने का झांसा देते हुये अपने साथ ले गया। इसके बाद उसे तीन माह तक एक मकान में बंधक बनाकर रखा। महिला का आरोप है कि मदन ने उसे चाकू से डरा-धमकाकर तीन माह तक रेप किया और उसके अश्लील फोटो भी अपने मोबाइल में खींच लिये। महिला का आरोप है कि मदन ने उसके परिचितों को से भी उसका रेप करवाया। 25 नवंबर को मौका पाकर महिला आरोपित मदन के चंगुल से निकलकर घर लौटी। इसके बाद भी मदन उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। ऐसे में बुधवार को महिला ने यह रिपोर्ट पेश की। पुलिस ने गैंगरेप सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## दो हादसे, बुजुर्ग महिला की मौत, दो किशोर घायल

**भीलवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)।** कार-बाइक की टक्कर से महिला की मौत हो गई, जबकि सड़क किनारे खड़े दो किशोरों को कार ने चपेट में ले लिया। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार, डाकनी चौराहे पर कार- बाइक की टक्कर से बूंदी जिले के रघुनाथपुरा निवासी भूरी बाई 67 पत्नी रामनाथ अहीर घायल हो गई। उसे भीलवाड़ा के जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी तरह एक अन्य हादसा यहां सदर थाना इलाके में हुआ। पुलिस ने बताया कि नेहरू विहार निवासी अजयराज 12 पुत्र इंद्रसिंह राजपूत व चुंगीनाका क्षेत्र निवासी हेमराज 13 पुत्र शैलेंद्रसिंह चुंगीनाका के पास खड़े थे, तभी एक कार ने इन दोनों किशोरों को चपेट में ले लिया। इससे दोनों घायल हो गये, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

# एमआई ने 8 दिव्यांगों को विविध साधनों से पहुंचाया लाभ

**डूंगरपुर (प्रातःकाल संवाददाता)।** प्रत्येक माह की भांति इस माह भी महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर द्वारा दो दिवसीय दिव्यांग कैलिपर्स शिविर 28 एवं 29 नवम्बर को महावीर इन्टरनेशनल, डूंगरपुर के रोग निदान केंद्र पर आयोजित किया गया। इस शिविर में 8 दिव्यांगों को विविध साधनों से लाभ प्रदान किया गया। तीन दिव्यांगो को केलीपर उपलब्ध करवाया गया जबकि एक दिव्यांग को जयपुर फूट प्रदान किया गया। एक दिव्यांग को स्टिक प्रदान की गई जबकि तीन दिव्यांगो को बैसाखी प्रदान की गई। इस प्रकार इस शिविर में कुल आठ दिव्यांग को नि:शुल्क सहायता सुविधा उपलब्ध कराई गई। इसके अतिरिक्त 3 दिव्यांगों को उदयपुर हेतु रेफर किया। सभी दिव्यांगों को परामर्श दिया गया कि वे अपने साथ मेड़िकल प्रमाण पत्र की प्रति, एक फोटो आधार कार्ड, जाति प्रमाणपत्र प्रति लेकर अवश्य आवें ताकि इन को नि:शुल्क सामान उपलब्ध कराने मे कठिनाई नहीं होवे संस्था के अध्यक्ष वीर विजय जैन ने बताया की वर्तमान में महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर द्वारा भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति उदयपुर के सहयोग से पैरों के कलिपर्स, बैसाखी, जयपुर फूट के साथ ही कृत्रिम हाथ को बनाने का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है । साथ ही बहरेपन के शिकार दिव्यांगो के लिए श्रवण यंत्र भी संस्था द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध करवाए जा रहे है। इस हेतु लाभार्थी के पास ऑडियोमैटरी रिपोर्ट होना आवश्यक है ताकि सही क्षमता की मशीन आवेदक को उपलब्ध कराई जा सके। दो दिवसीय शिविर में भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के तकनीकी विशेषज्ञ दुर्गालाल उपस्थित रहे। साथ ही संस्था के उपाध्यक्ष वीर रवि भाई सेठ, पूर्व अध्यक्ष संजय गांधी, अशोक दोशी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

उदयपुर - उप केन्द्र डूंगरपुर
संचालक - महावीर इन्टरनेशनल - डूंगरपुर

डूंगरपुर। एमआई द्वारा दिव्यांग को बैसाखी प्रदान करते। फोटो : सुधीर जैन

## शादी समारोह से बाहर बुलाकर व्यक्ति पर किया हमला

### जान से मारने की दी धमकी

**भीलवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)।** तेजाजी चौक स्थित बड़ा सुनारों का नोहरा में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गये व्यक्ति को समारोह से बाहर बुलाकर कुछ लोगों ने लाठियों, सरियों व फावड़े से हमला कर दिया। इससे यह व्यक्ति घायल हो गया। पीड़ित के बेटे ने भीमगंज थाने में केस दर्ज करवाया है। भीमगंज पुलिस के अनुसार, लक्ष्मीनगर निवासी विजय कुमार सोनी ने थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि उसके पिता कालूराल सोनी तेजाजी चौक , बडा सुनारों का नोहरा ( महाराजा अजमीड विधालय ) में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गये। जहां वे, एक कमरे में कुर्सी पर बैठे थे, तभी तीन व्यक्ति वहां आये और कालुलाल को बाहर चलने के लिए कहा। कालुलाल के गेट के बाहर निकलते ही कैलाश सोनी के तीनों पुत्र व अन्य दो -तीन अज्ञात लोगों ने उन पर फावड़े, लट्ठ, सरिये आदि हथियार से हमला कर दिया। इससे कालुलाल को कमर, हाथ, पैर व सिर पर गम्भीर चोटे आई। इस बीच, तेजाली चौक पुलिस चौकी से पुलिसकर्मी वहां आ गये। मारपीट के दौरान कालुलाल के गले मे पहनी सोने की चैन कहीं गिर गई। आरोपितों ने कालुलाल को धमकी दी कि तेरे और तेरे परिवार को जान से खत्म कर देंगे। इसके बाद ये लोग वहां से भाग गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

डूंगरपुर। लबाना समाज के पांच गांवों के मुखियाओं के सानिध्य में आयोजित बैठक में महंत पर पत्थरबाजी की घटना पर रोष व्यक्त करते। फोटो : सुधीर जैन

### अच्युतानंद महाराज पर पत्थरबाजी की घटना का मामला

# लबाना समाज के पांच गांवों के मुखियाओं की बैठक में जताया रोष

**डूंगरपुर (प्रातःकाल संवाददाता)।** बिछीवाड़ा में बुधवार को राम मंदिर पर लबाना समाज के पांच गांव के मुखिया वालचंद, अशोक भाई, देवराम, थावरचंद और कन्हैयालाल माड़ा आदिवाली बिछीवाड़ा गामड़ी और लोड़वाड़ा के समाज की बैठक में बेणेश्वर धाम के महंत अच्युतानंद महाराज के वाहन पर पत्थर मारने की घटना पर रोष व्यक्त किया और एक प्रस्ताव पारित कर प्रशासन से मांग की दोषी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग की। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनर्रावति न हो सके। बैठक में प्यारचंद लबाना ने अपने विचार व्यक्त किये। यह जानकारी बाबूलाल लबाना बिछीवाड़ा ने दी।

## गर्ग समाज ने महंत को जेड प्लस सुरक्षा दिए जाने की मांग रखी

**डूंगरपुर (प्रातःकाल संवाददाता)।** बेणेश्वर धाम पीठाधीश्वर महंतश्री अच्यूतानंद महाराज के साथ पत्थर बाजी की घटनाक्रम को लेकर गर्ग समाज संघ डूंगरपुर द्वारा कड़ी निंदा करते हुए आरोपित व्यक्ति को कठोर सजा दिए जाने की मांग पुलिस प्रशासन के समक्ष रखी गई है। गर्ग समाज संघ जिला डूंगरपुर के अध्यक्ष बंशीलाल गर्ग ने बताया किए गत 25 नवंबर के रात्रि को गांव पादरड़ी बड़ी के नेवड़ी पुल के पास महंत के वाहन पर पत्थरबाजी करते हुए उन पर जानलेवा हमला किया।

# पावर लिफ्टिंग : राजस्थान टीम ने जीते 45 पदक

**उदयपुर (वि)।** बेंगलुरू के के. ई. बी. इंजीनियरिंग एसोसिएशन के सभागार में हुई राष्ट्रीय सीनियर, जूनियर, सब-जूनियर एवं मास्टर बेंच प्रेस प्रतियोगिता में राजस्थान टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 स्वर्ण, 13 रजत व 17 कांस्य पदक सहित कुल 45 पदक जीते। राजस्थान टीम ने सब- जूनियर पुरूष वर्ग में विजेता का खिताब भी जीता। सीनियर पुरूष वर्ग एवं महिला वर्ग में उपविजेता का खिताब जीता। सब-जूनियर क्लासिक वर्ग में राजस्थान टीम ने टीम चैंपियनशिप का खिताब जीता। सीनियर महिला वर्ग में राजस्थान की पूनम ने स्ट्रांग वूमैन ऑफ इंडिया, नितेश रावत ने जूनियर स्ट्रांग मैन ऑफ इंडिया का ख़िताब हासिल किया। राजस्थान राज्य पावरलिफ्टिंग संघ सचिव विनोद साहू ने बताया कि सीनियर पुरूष वर्ग में 59 किलोग्राम भार वर्ग में जोधपुर के सुनील कुमार ने दो स्वर्ण पदक जीते। 66 किलोग्राम भार वर्ग में जोधपुर के योगेश कुमार सेन ने एक स्वर्ण व एक कांस्य पदक जीता। 74 किलोग्राम भार वर्ग में दौसा के गोपेश कुमार गौड़ ने स्वर्ण पदक जीता। 120 किलो भार वर्ग में अलवर के धर्मेंद्र सिंह ने कांस्य पदक जीता। जूनियर पुरूष वर्ग में 59 किलोग्राम भार वर्ग में देवेश ने कांस्य पदक , 66 किलोग्राम भार वर्ग में दौसा के साहिल बैरवा ने रजत पदक , 105 किलोग्राम भार वर्ग में डीग के हेमंत कुमार ने कांस्य पदक जीता। 74 किलो क्लासिक में उदयपुर के देवेंद्र नागदा ने कांस्य, 93 किलोग्राम क्लासिक में अजमेर के नितेश रावत ने स्वर्ण, उदयपुर के गौरव साहू ने 59 किलो भार जूनियर वर्ग में बेंच प्रेस में 107.5 किलो वजन उठाकर पांचवें स्थान पर रहे । 112.5 किलो वजन उठा लेते तो कांस्य पदक जीत जाते। गौरव ने एक साल की कमर में बेकपेन इंजरी के बाद फिर से राष्ट्रीय प्रतियोगिता में वापसी की है। सब-जूनियर पुरूष वर्ग में 53 किलोग्राम भार वर्ग में हेमंत सिंह ने एक कांस्य पदक जीता। 66 किलोग्राम भार वर्ग में रवि कुमार ने स्वर्ण पदक जीता। 74 किलोग्राम क्लासिक बेंच प्रेस में तुषार पलारिया ने स्वर्ण जीता। 83 किलोग्राम क्लासिक बेंच प्रेस में उदयपुर के सौरभ मल ने कांस्य, 93 किलोग्राम भार वर्ग में प्रिंस ने रजत पदक जीता। 105 किलोग्राम भार वर्ग में नितिन फौजदार ने स्वर्ण जीता। 120 किलो से अधिक भार वर्ग में अलवर के जितेंद्र शर्मा ने एक स्वर्ण व एक कांस्य पदक जीता। मास्टर वन में जोधपुर के सुनील कुमार ने 66 किलोग्राम भार वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीते। 93 किलोग्राम भार वर्ग में अलवर के दीपक कुमार ने कांस्य जीता। पदक जीतने पर राज्य संघ अध्यक्ष दिनेश श्रीमाली, कोषाध्यक्ष अजय गुर्जर, सचिव विनोद साहू ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

NATIONAL BENCHPRESS CHAMPIONSHIP

# चोरी की 50 हजार रूपये की नकदी और बरामद, मजदूर को जेल भेजा

**भीलवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)।** सुवाणा क्षेत्र की गत्ता फैक्ट्री में हुई चोरी के मामले में गिरफ्तार इसी फैक्ट्री के मजदूर की निशानदेही से पुलिस ने 50 हजार रूपये की नकदी और बरामद की है। बता दें कि इसी आरोपित से 15 लाख 5 हजार रूपये की नकदी पुलिस पूर्व में बरामद कर चुकी है। सदर थाना प्रभारी पूरणमल मीणा ने बताया कि विजय सिंह पथिक नगर निवासी अनुज मानसिंहका की फर्म सूर्या पेपर मिल व रवि इंडस्ट्रीज से पिछले दिनों चोर खिडकी की ग्रील निकाल कर ऑफिस में रखे 15 लाख 70,000 रूपये चुरा ले गये थे। सदर थाना पुलिस ने अनुज की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच की। इसके बाद पिछले दिनों पुलिस ने इसी फर्म के मजदूर सहाड़ा, गंगापुर निवासी दिनेश 28 पुत्र किशनलाल बुनकर को गिरफ्तार कर 15 लाख 5 हजार रूपये की चोरी की राशि बरामद की। आरोपित को रिमांड पर लेकर पुलिस ने गहन पूछताछ के बाद 50 हजार रूपये की नकदी और बरामद कर ली। यह राशि उसने वारदात के बाद खर्च के लिए अलग निकाल कर छिपा दी थी। पुलिस ने रिमांड खत्म होने से न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भिजवा दिया गया।

## कार-बाइक की टक्कर, पेट्रोल पंप के मुनीम की मौत

**भीलवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)।** मांडलगढ़ थाना सर्किल में कार की टक्कर से बाइक सवार पेट्रोल पंप मुनीम की मौत हो गई। मांडलगढ़ पुलिस ने बताया कि स्टेच्यू सर्किल के पास नई आबादी निवासी वहीद मोहम्मद 40 पुत्र अजीज मोहम्मद देशवाली, करणपुरा नेशनल हाइवे पर स्थित नायरा पेट्रोल पंप पर मुनीम का कार्य करता था। वहीद मोहम्मद काम खत्म कर रात साढ़े आठ बजे बाइक से घर जा रहा था। लाडपुरा की ओर से आई एक कार ने वहीद मोहम्मद को टक्कर मार दी। हादसे में वहीद के सिर में गंभीर चोट आई। उसी कार के चालक ने वहीद को मांडलगढ़ अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे भीलवाड़ा रैफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान वहीद की मौत हो गई। इस हादसे की रिपोर्ट मृतक के भाई मुजाहिद हुसैन देशवाली ने कार चालक के खिलाफ दर्ज करवाई।

**ICICI Home Finance** | **कॉरपोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059, भारत

**शाखा कार्यालय:** तीसरी मंजिल, कमल टॉवर, ओल्ड कोर्ट हॉस्पिटल के सामने, नागौर, राजस्थान- 341001

(नियम 8(6) के प्रावधान देखें)

**अचल मालमत्ता के बिक्री के लिए सूचना**

वितीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पढ़ी जाती है।

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका भौतिक कब्ज़ा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड को यहां दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार, 'जैसा है जहां हैं', 'जैसा है जो हैं', और 'जो कुछ भी हैं' पर बेचा जाएगा;

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार कानूनी उत्तराधिकारी का नाम कर्ज खाता क्रमांक | सुरक्षित परिसंपत्ति (संपत्तियों) का विवरण जिसमें ज्ञात संपत्ति हो, कोई हो। | बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / बयाना राशि | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | निलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | बिल्लो देवी (उधारकर्ता) जय चंद चौधरी (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या NHMAK00000818968 | प्लॉट नंबर 5 राजोरा बास टीबा वार्ड नंबर 5 मकराना नागौर मकराना-341505 पर स्थित संपत्ति | रु. 6,32,974/- 22 नवंबर 2023 | रु. 13,58,775/-<br>रु. 1,35,880/- | 11 दिसंबर 2023 सुबह 11:00 बजे 03:00 अपराह्न | 19 दिसंबर, 2023 02:00 अपराह्न- 03:00 अपराह्न |

ऑनलाइन निलामी हमारी निलामी एजन्सी **ग्लोब टेक (यूआरएल लिंक https://BestAuctionDeal.com)** के वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। गिरवी रखने वाले/सूचना कुल थकबाकी रकम का **18 दिसंबर, 2023** को **शाम** 05.00 तक आगे के ब्याज के साथ प्रदान करने के लिए सूचना दी जाएगी अन्यथा, सदर प्रतिभूत मालमत्ता की अनुसूची अनुसार बिक्री की जाएगी।

प्रस्तावित बोलीदार सदर बयाना राशी जमा के साथ (रकाना क. ई) में संदर्भित) मुहरबंद लिफाफा में सुपरस्क्राईब्ड मालमत्ता के खरीद के लिए प्रस्ताव उनके प्रस्ताव **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, तीसरी मंजिल, कमल टॉवर, ओल्ड कोर्ट हॉस्पिटल के सामने, नागौर, राजस्थान- 341001** तहत **दि. 18 दिसंबर, 2023** को **शाम** 04.00 तक भेजे एवं पेश करें। कृपया प्रस्तावित बोलीदार उपरी निर्देशित समय के अनुसार उनके प्रस्ताव निविदा दस्तावेज के हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, तीसरी मंजिल, कमल टॉवर, ओल्ड कोर्ट हॉस्पिटल के सामने, नागौर, राजस्थान- 341001** तहत **दि. 18 दिसंबर, 2023** को **शाम. 5.00 बजे** के पहले पेश करें। बयाना रकम जमा ड्राफ्ट (डीडी) राष्ट्रीयकृत/शेड्युल्ड बैंक से योग्य निलामी आयोजन **आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लि.** - निलामी के नाम से **मकराना** तहत पेश करें।

जांच के संबंध में अधिक जानकारी के लिए, निलामी के नियम एवं शर्तें एवं निविदा को पेश करने के लिए कृपया **आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड** के मो. क्र. 022-69974300 पर या हमारे **सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नेक्ससेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** पर सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास कोई भी कारण न देकर सर्व बोली रद्द करने का अधिकार आरक्षित हैं। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के वेबसाइट **https://www.icicihfc.com/** से सम्पर्क करें।

दिनांक : 01 दिसंबर 2023
स्थान : नागौर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड

# श्री मुष्टिक हनुमान गुरूकुल पर दो दिवसीय अन्नकूट महोत्सव

**उदयपुर (वि)।** दुधतलाई स्थित श्री मुष्टिक हनुमान गुरूकुल प्रांगण पर दो दिवसीय अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्तिक पूर्णिमा पर अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया तथा दूसरे दिन मंगलवार को 56 तरह के मिष्ठान एवं 11 किलो का रोठ का भोग धराया गया। श्री हनुमान जी को श्रृंगार कराया गया । गुरूकुल के निदेशक पं. विष्णु जोशी ने बताया कि विशेष विद्युत सज्जा की गई। वर्ष 2021 से 2023 तक प्रतिदिन 54 और 108 हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है।

# कार चालक के खिलाफ दुर्घटना करने के बाद अपहरण कर मारपीट करने का मामला

**नगर संवाददाता . उदयपुर।** शहर के सविना थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने एक कार चालक के खिलाफ उसके मित्र के साथ दुर्घटना कर उसका अपहरण कर मारपीट करने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार सुशील कुमार पुत्र चन्द्र शेखर गौड निवासी सुजानगंज जौनपुर सुजानगंज यूपी हाल एकलिंगपुरा ने मामला दर्ज करवाया कि 26 नवम्बर को वह अपने साथी अरवन्दि, अर्जुन, उमेश, कृष्णा सभी लोग एकलिंगपुरा गांव में खरीददारी कर पुन: अपने निवास स्थल की तरफ जा रहे थे कि करीब 8 बजे सभी रोयल होटल के सामने पहुँचे तभी एक कार चालक अपनी कार को तेज गति से लेकर आया और पैदल चलते हुए अर्जुन को टक्कर मार घसीटते हुए ले गया। इस कार को रूकवाया और उसे अस्पताल ले जाने के लिए कहा तो वह नाराज होकर उसके व उसके साथियों से झगड़ा करने लगा और उसने उसने गाडी मे से जाने के लिये मना किया तो दूसरी गाडी में ईलाज के लिए भेजा। तब ही उस कार चालक ने अन्य लोगो को बुला लिया और मुझे अन्य कार में मुझे जबरन बैठा लिया कर ले गए और गाडी एक सुनसान जगह पर लेकर गए और उसके साथ मारपीट कर वापस उसे एकलिंगपुरा छोडा। मारपीट करने वाले 5-6 व्यक्ति थे, जिन्होंने उसके साथ मारपीट कर पैसे भी मांगे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जिला अभिभाषक संघ के चुनाव 8 को

**बांसवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)।** जिला अभिभाषक संघ के चुनाव 8 दिसम्बर को होंगे। चुनाव के लिये दिलीप कुमार गुप्ता को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हेमेन्द्र जैन, गौरव चौबीसा व शमीम मोहम्मद को सहायक निर्वाचन अधिकारी मनोनीत किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार गुप्ता ने बताया कि 8 दिसम्बर को चुनाव होंगे। संघ की वर्ष 2024 की कार्यकारिणी के लिये चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार 30 नवंबर से 1 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे तक अपने नामांकन पत्र मुख्य निर्वाचन अधिकारी को जमा करवा सकेंगे। इनकी वैद्यता की जांच 2 दिसम्बर को प्रातरू 10 से दोपहर 1 बजे तक की जायेगी एवं वैद्य नामांकन पत्रों का प्रकाशन किया जायेगा। 4 दिसम्बर दोपहर 1 बजे तक नामांकन वापसी हो सकेगी। गुप्ता ने बताया कि 8 दिसम्बर को सुबह 10 से सायं 4 बजे तक मतदान प्रक्रिया होगी और उसी दिन शाम 5 बजे तक परिणामों की घोषणा कर दी जायेगी। गुप्ता ने बताया कि अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष, पुस्तकालय सचिव एवं दो कार्यकारी सदस्य सहित सभी पदों के लिये योग्यता के मापदंड पूर्ववृत्त रहेंगे। मतदान से पूर्व मतदाता को नियमानुसार अपना सहप्रमाणित घोषणा पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

## जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

**डूंगरपुर (प्रातःकाल संवाददाता)।** 34वीं जिला स्तरीय शिक्षक खेलकूद प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय माड़वा खापरड़ा ब्लॉक दोवड़ा में 28 व 29 नवम्बर को आयोजित हुई जिसमे दस ब्लॉक से फुटबाल, वालीबॉल,कब्बड़ी, टीटी, बेडमिंटन, एथेलेटिक्स व सांसकृतिक प्रतियोगिता हुई। विभिन्न ब्लॉक से विजेता टीम राज्ञय स्तर पर जोधपुर, अजमेर संभाग में भाग लेंगे। समापन में मुख्य अतिथि दीपक दीक्षित, अजय जैन प्रीति दवे, रमेश रोत, राजेंद्र श्रीमाल, कांतिलाल मोरी, शांतिलाल शिवलाल डामोर, संतोष कुमारी, राजेन्द्रसिंह बेडसा, नरेंद्र झाला, जितेन्द्र मेघवाल आदि रहे।

JUMBO Jumbo Finvest (India) Ltd.

**जम्बो फिनवेस्ट (इण्डिया) लिमिटेड**

पता:-102, कंचन अपार्टमेन्ट, एल.बी.एस कॉलेज के सामने, तिलक नगर, जयपुर, फोन नं. 0141-4047438, ई मेल- customercare@jumbofin.com

परिशिष्ट – IV क { नियम 8(6) का परन्तुक देखे } अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 (6) व 9 के साथ पठित "वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियो के विक्रय हेतु नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगो को तथा बिशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूति लेनदार के पास गिरवी / प्रभारित है का वास्तविक कब्जा जम्बो फिनवेस्ट (इंडिया) लिमिटेड (प्रतिभूति लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक 21.07.2023 को लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है, जो कुछ भी है" के आधार पर निम्न लिखित ऋणी, सहऋणी व जमानती से जम्बो फिनवेस्ट (इंडिया) लिमिटेड (प्रतिभूति लेनदार) कि निम्न बकाया राशि कि वसूली हेतु दिनांक 02.01.2024 को बेचा जाएगा ।जिसकी संपत्ति का विवरण (प्रतिभूत आस्ति), आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशि का उल्लेख निम्न प्रकार है–

| ऋणी/जमानती/बंधककर्ता का नाम | 13( 2 ) नोटिस की दिनांक/ बकाया राशि | बकाया राशि | संपत्ति का विवरण ( प्रतिभूत आस्ति ) | कब्जा दिनांक | आरक्षित मूल्य | अग्रिम राशि | निविदा ब्रिकी की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.नरेन्द्र कुमार पुत्र श्री हनुमान सहाय निवासी. बैठक वाले हनुमान जी के सामने, भायलापुरा, हिंडौन, करौली, राजस्थान 322230।<br>अन्य पता<br>नरेंद्र कुमार पुत्र हनुमान सहाय निवासी. 134, बालाजी मार्केट, बरगामा रोड, हिंडौन, करौली, राजस्थान 322230 (ऋणी)<br>2.द्रोपदी पत्नी. हनुमान निवासी. 134, बालाजी मार्केट, बरगामा रोड, वार्ड क्रमांक 12, तहसील हिंडौन, जिला. करौली, राजस्थान 322230.<br>(सह–ऋणी और बंधककर्ता)<br>3.प्रवीण अग्रवाल पुत्र हनुमान सहाय निवासी. बैठक वाले हनुमान जी के सामने, भायलापुरा, हिंडौन, करौली, राजस्थान 322230।<br>अन्य पता,<br>प्रवीण अग्रवाल पुत्र हनुमान सहाय निवासी. 134, बालाजी मार्केट, बरगामा रोड, हिंडौन, करौली, राजस्थान 322230 (सह–ऋणी)<br>4.मुकेश कुमार गोयल पुत्र गोपाल लाल गोयल निवासी. डम्प रोड केतरा बाजार, हिंडौन सिटी, हिंडौन, करौली, राजस्थान 322230 (गारंटर) | 24/08/2019 21,05,313/– दिनांक 23.08. 2019 तक की राशि + आगे से भविष्य का ब्याज व खर्चों का पूर्णभुगतान करने तक लागू। | रु, 21,05,313/– दिनांक 23.08. 2019 तक की राशि + आगे से भविष्य का ब्याज व खर्चों का पूर्णभुगतान करने तक लागू। | ( 1 ) श्रीमती द्रोपदी देवी पत्नी श्री हनुमान सहाय की संपत्ति का वह सम्पूर्ण हिस्सा जो की गांव भायला पुरा, हिंडौन, जिला. करौली, राजस्थान में स्थित है। आवासीय भूखंड का क्षेत्रफल 794.97 वर्ग फुट।<br>चतु : सीमा<br>उत्तर में :हनुमान जी का मन्दिर<br>दक्षिण में : मकान बाबूलाल व राधे<br>पूर्व में : गली मानसिंह का मकान<br>पश्चिम में :रोड | 21.07.2023 | रू. 23,00,000 /- ( शब्दो में रूपयें तेईस लाख मात्र ) | रू 23,000/- ( शब्दो में रूपयें दो लाख तीस हजार मात्र ) | 02/01/2024 दोपहर 03.00 बजे से 05.00 बजे तक |

कम संख्या 1 वर्णित अचल सम्पत्ति कि निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि -28/12/2023 को दोपहर 04.00 बजे तक
निविदा जमा करवाने का स्थान -जम्बो फिनवेस्ट ( इंडिया ) लिमिटेड, 102,कंचन अपार्टमेन्ट, एल.बी.एस कॉलेज के सामने,तिलक नगर, जयपुर राज
निविदा की शर्तें :-

1. निविदा में सहभागिता करने हेतु इच्छुक खरीददार अपनी निविदा कम्पनी में उपलब्ध निविदा प्रपत्र जो कार्य दिवस के समय जम्बो फिनवेस्ट ( इंडिया ) लिमिटेड से प्राप्त किऐ जा सकते हैं, में अपने द्वारा निवेदित मूल्य लिखकर सील बन्द लिफाफे में जिसके ऊपर "टेण्डर ऑफर सम्पत्ति का विवरण" लिखा हो के साथ उपरोक्त वर्णित धरोहर राशि जो की आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत हो, बैंकर्स चैक/मॉग ड्राफ्ट जो कि जम्बो फिनवेस्ट ( इंडिया ) लिमिटेड के पक्ष में जयपुर में देय हो, दिनांक 28.12.2023 को सायंकाल 04.00 बजे तक जम्बो फिनवेस्ट ( इंडिया ) लिमिटेड, 102, कंचन अपार्टमेन्ट, एल.बी.एस कॉलेज के सामने, तिलक नगर, जयपुर पर जमा करा कर निविदा में भाग ले सकते हैं। प्राप्त निविदाऐ दिनांक 02.01.2024 को समय दोपहर 03:00 बजे जम्बो फिनवेस्ट ( इंडिया ) लिमिटेड, 102, कंचन अपार्टमेन्ट, एल.बी.एस कॉलेज के सामने, तिलक नगर, जयपुर पर उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जावेगी। इसके पश्चात् निविदा कर्ताओं के बीच खुली बोली लगवाने का विकल्प प्राधिकृत अधिकारी के पास सुरक्षित है। यदि बोली सफल नहीं होती है तो असफल निविदाकर्ताओं को उसी दिन धरोहर राशि लौटा दी जायेगी।
2. सफल निविदाकर्ता को सफल बोली की 25 प्रतिशत राशि ( धरोहर राशि सहित ) प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा सफल निविदाकर्ता के नाम की उद्घोषणा करने के तुरन्त पश्चात, जमा करवाना होगा अन्यथा धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
3. सफल निविदाकर्ता को शेष राशि विक्रय की पुष्टि के दिन से 15 दिन के अन्दर प्रतिभूत लेनदार को जमा कराना आवश्यक है, अन्यथा जमा राशि बिना सूचना जब्त समझी जायेगी।
4. विधि अनुसार यथा प्रयोग हस्तान्तरण खर्च जैसे स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण फीस इत्यादि हेतु देय प्रभार/शुल्क सफल निविदाकर्ता वहन करेगा।
5. प्राधिकृत अधिकारी को बिना कोई कारण बताये बोली स्वीकार अथवा अस्वीकार करने या निविदा स्थगित करने का पूर्ण अधिकार है। निविदा जमा कराने व निविदा खोलने वाली दिनांक को राजकीय अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस वाले दिन होगी ।
6. नीलाम की जा रही सम्पत्ति पर अन्य किसी प्रकार के भार की जानकारी प्राधिकृत अधिकारी की जानकारी में नही है। बिक्री अधीन सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी प्रकार के प्रभार, लियन भारग्रस्तता सम्पत्ति कर अथवा सरकार अथवा किसी अन्य संस्था को देय कोई प्रभार के लिए प्राधिकृत अधिकारी को उत्तरदायी नहीं ठहराया जाएगा।
7. निविदा बोली अहस्तान्तरणीय होगी। धरोहर राशि अंश भुगतान इत्यादि के लिए किये गये किसी भी प्रकार के भुगतान पर कोई भी ब्याज देय नही होगा।
8. अचल सम्पत्ति के निरीक्षण हेतु दिनांक 22.12.2023 को सम्पत्ति को खोला जावेगा। सम्पत्ति अथवा निविदा से संबंधित जानकारी हेतु इच्छुक निविदाकर्ता, जम्बो फिनवेस्ट ( इंडिया ) लिमिटेड, 102, कंचन अपार्टमेन्ट, एल.बी.एस कॉलेज के सामने, तिलक नगर, जयपुर में किसी भी कार्य समय के दौरान सम्पर्क कर सकते हैं।

नोट:-यह सूचना पत्र ऋणी/जमानती/बंधककर्ता के लिए भी नियम 8( 6 ) के अधीन 30 दिवस का सूचना पत्र भी माना जायेगा।

स्थान : जयपुर, दिनांक :- 30.11.2023

प्राधिकृत अधिकारी
जम्बो फिनवेस्ट ( इंडिया ) लिमिटेड